## महत्वपूर्ण एवं खास

### बुजुर्ग के खाते से 5 लाख 82 हजार पार

**रायपुर (आरएनएस)।** बुजुर्ग के बैंक खाते से अज्ञात मोबाइल धारकों ने 3 बार में 5 लाख 82 हजार रुपए आहरण कर लिए। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रविन्द्रनाथ दास 71 वर्ष महावीर नगर न्यू राजेन्द्र नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ने गुगल पर फोन पे का कॉन्टेक्ट नंबर सर्च कर मोबाइल नंबर 62971-84552 एवं 89627-65552 के धारकों से बता किया। जिससे आरोपियों ने प्रार्थी को एप डाउनलोड कराकर उसके एसबीआई बैंक के खाते से 3 बार में 5 लाख 82 हजार 499 रुपए आहरण कर लिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत राजेन्द्र नगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा बेचने के लिए ग्राहक तलाशते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 676 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस को सूचना मिली कि आरंग के कॉलेज चौक के पास एक युवक मादक पदार्थ बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी अरविंद साहू 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 7 किलो 676 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 61400 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

### एफएसटी टीम ने चेकिंग के दौरान 69 हजार नगद बरामद

**बिलासपुर (आरएनएस)।** जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण के मार्गदर्शन में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन कराने के लिए एफएसटी एवं एसएसटी की टीम पूरी मुस्तैदी और सतर्कता से काम कर रही है। इन टीमों द्वारा अवैध नगद और सामग्री जब्ती की कार्रवाई की जा रही है। मस्तूरी एफएसटी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आज दोपहर को रिसदा चेक पोस्ट से चेकिंग के दौरान 69 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। रिसदा चेकपोस्ट पर वाहनों की जांच के दौरान एफएसटी टीम के आर के गुप्ता ने सारंगढ़ जिले के ग्राम बरमकेला निवासी लाभोराम सिदार के वाहन की तलाशी के दौरान 69 हजार रूपए नगद बरामद किए हैं। उनसे जब इस नगदी के बारे में पूछताछ की गयी तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए जिसके आधार पर नोटिस जारी कर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जब्ती की कार्यवाही की गयी।

### स्कूटी की डिक्की से मिला 9.50 लाख कैश

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर से लाखों का कैश बरामद किया गया है। अग्रसेन चौक के पास चल रहे वाहनों की चेकिंग के दौरान एक स्कूटी की डिक्की से 9 लाख 50 हजार रूपए नगद बरामद किया गया। आजाद चौक थाना क्षेत्र के अग्रसेन चौक में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को एक और सफलता मिली है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सभी स्थानों पर नगदी के लेनदेन और ट्रांसपोर्टेशन पर खास नजर रखी जा रही है। चुनाव आयोग के उड़नदस्ता के साथ ही पुलिस की कई टीमें इन दिनों नगदी के परिवहन पर खास नजर रखे हुए है। चेकिंग के दौरान एक युवक को रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राम वर्मा 25 वर्ष निवासी गुढ़ियारी बताया। युवक की स्कूटी की डिक्की की जांच में 9 लाख 50 हजार रूपए नगद बरामद किया गया। इस संबंध में पूछताछ करने पर वह स्वयं को लोहा कारोबारी बताता रहा। रूपयों के संबंध में पूछने पर वह कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत कर सका, इसके बाद पुलिस ने उक्त नगदी राशि जब्त कर लिया है।

### मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप महिला कार रैली कल

**रायपुर (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने 05 नवंबर को बी.टी.आई. ग्राउंड शंकर नगर चौक से महिलाओं की स्वीप कार रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली रविवार सुबह 8 बजे से शुरू होगी और मुख्य मार्ग से गुजरते हुए साइंस कॉलेज मैदान जी.ई. रोड पर इसका समापन होगा। कार रैली में स्थानीय महिलाएं शामिल रहेंगी। रैली में सम्मिलित कारों को मतदान जागरूकता स्लोगन से सजाया जाएगा, सर्वश्रेष्ठ संदेश देने वाले महिला कार चालकों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार रैली में सम्मिलित होने की इच्छुक महिलाएं दूरभाष क्र. 9300853074 एवं 7987198194 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। कार रैली में राज्य निर्वाचन, जिला निर्वाचन, पुलिस, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित होंगे।

# विस चुनाव : गृहमंत्री अमित शाह ने जारी किया भाजपा का घोषणा पत्र

- 3100 रुपए में धान खरीदी, 2100 क्विंटल खरीदेंगे
- मजदूरों को दस हजार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को भाजपा का घोषणा पत्र जारी किया. इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं सभी को फोकस किया गया है. भाजपा ने बनाया, भाजपा ही संवारेगी टैग लाइन के साथ घोषणा पत्र जारी किया गया है। इस दौरान मंच पर प्रदेश के चुनाव प्रभारी ओम माथुर, पूर्व सीएम डा. रमन सिंह सहित प्रदेश भाजपा के सभी बड़े नेता शामिल थे।

भाजपा ने बनाया है भाजपा की संवारेगी, नारे के साथ यह संकल्प पत्र जारी किया गया। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कई बड़ी घोषणा की गई है। अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ की स्थापना के कुछ ही समय के बाद हमें छत्तीसगढ़ के लिए काम करने का मौका मिला। 15 साल तक रमन सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार रही। और यह 15 साल छत्तीसगढ़ को बीमारु राज्य से एक अच्छे राज्य के रुप में तब्दील करने वाला रहा।

मुझे मालूम है कि छत्तीसगढ़ की जनता परिवर्तन करने जा रही है। मैं छत्तीसगढ़ में जनता से संवाद किया हूं। अब राज्य को सम्पूर्ण विकसित राज्य बनाने का काम हम आने वाले 5 साल में करेंगे। छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों को नक्सलवाद के कहर से मुक्त करने का काम भाजपा ने किया। अधोसंरचना के विकास का काम भी भाजपा ने किया। पोषण की गारंटी देने वाला पूरे देश में पहला राज्य छत्तीसगढ़ बना। मनरेगा में 150 दिन का रोजगार देने वाला सबसे पहला राज्य छत्तीसगढ़ बना। पूरे देश में मातृत्व अवकाश की परिकल्पना छत्तीसगढ़ ने किया। पंचायत चुनाव में माताओं- बहनों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य बना। पॉवर सरप्लस स्टेट बनाने का काम भी भाजपा ने किया। पॉवर हब, सीमेंट हब, इस्पात हब, एल्युमुनियम हब, डिजिटल क्रांति की शुरुआत भी भाजपा के शासन में हुआ।

शाह ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस के 5 साल में क्या हुआ। शराब, परिवहन घोटला हुआ। प्रधानमंत्री अन्न योजना में घोटला किया। गोबर में घोटला किया। पीडीएस घोटला किया। महादेव एप का घोटला किया। पब्लिसक सर्विस कमीशन का घोटला हुआ। डीएमएफ घोटला किया। 5 साल के अंदर कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर यह सरकार फिसड्डी साबित हुई। वादा पूरा नहीं किया। विकास को अवरुद्ध किया।

**भाजपा घोषणा पत्र के प्रमुख बिंदु :** एक लाख सरकारी नौकरी, धान का 3100 रुपये समर्थन मूल्य प्रति एकड़, 21 क्विंटल धान की खरीदी, भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपये हर साल। महतारी वंदन योजना के तहत हर वर्ष 12 हजार रुपये दिया जाएगा। गरीब महिलाओं को 500 रुपये में मिलेगा सिलेंडर 18 लाख घर गरीबों के लिए मकान बनाए जाएंगे तेंदूपत्ता संग्रहण 5100 रुपये प्रति मानक बोरा धान की राशि एकमुश्त दी जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 10 लाख इलाज मुफ्त इलाज पीएम जन औषधी केंद्र 500 नए केंद्र खोले जाएंगे बीपीएल परिवार में बेटी के जन्म पर 1.50 लाख रुपये भर्ती घोटलों का जांच करेंगे युवाओं नया उद्योग स्थापित करेंगे उन्हें 50 प्रतिशत सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त राशि दी जाएगी तेंदूपत्ता संग्रहकों के लिए चरण पादुका फिर से दिया जाएगा। पीएससी की परीक्षाओं में परदर्शिता लाया जाएगा। हर घर निर्मल जल योजना के तहत जल पहुंचाया जाएगा। एम्स के तर्ज पर सिम्स की स्थापना हर संभाग में की जाएगी। इंजीनियरिंग कॉलेज भी खोले जाएंगे कॉलेज आनेजान के लिए नगद मासिक भत्ता राम लला दर्शन योजना के तहत राज्य के लोगों को अयोध्या दर्शन कराया जाएगा। इन्वेस्ट छत्तीसगढ़ योजना शुरू की जाएगी। इससे निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा।

**कार्यक्रम में ये रहे शामिल :**

कार्यक्रम में प्रदेश प्राभारी और चुनाव प्राभारी ओम माथुर, चुनाव सह प्राभारी मानसुख मांडविया, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, सांसद सरोज पांडेय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री रामविचार नेताम, सांसद सुनील सोनी, प्रभारी ओम माथुर मौजूद रहे।

घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष विजय बघेल ने मंच से कहा, 3 अगस्त को घोषणा पत्र अभियान की शुरुआत की थी. 3 महीने के प्रयास से 90 विधानसभा से 90 सुझाव पेटी जारी किया गया. 35 सदस्यी टीम बनी थी. हम सबने मिलकर वरिष्ठ जनों से मिलजुलकर, सब्जी वाले से लेकर बड़े उद्योगपति से लेकर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से लेकर मंत्रालय तक के कर्मचारियों से सुझाव लिए. सब एकत्रित करके आज घोषणा पत्र जारी किया. घोषणा पत्र के आधार पर चुनाव अभियान आगे बढ़ेगा और जनता का विश्वास मिलेगा.विजय बघेल ने कहा, 2 लाख सुझाव हमें अब तक मिले. व्हाट्सप्प ईमेल के जरिये भी लोगों के सुझाव आए. भारतीय जनता पार्टी जो कहती हैं वो करती है, इसी संकल्प के साथ प्रदेश आगे बढ़ेगा। योजना शुरू की जाएगी। इससे निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने आज अपना संकल्प (घोषणा) पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रदेश में भाजपा की भारी बहुमत से जीत का दावा किया।

# छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव : 17 को मतदान करने युवाओं ने लगाई दौड़

- मतदान के प्रति जागरूक करने भिलाई निगम का निरंतर अभियान



**भिलाई (आरएनएस)।** विधानसभा चुनाव की तारीख 17 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए सैंकड़ों युवाओं ने रन फॉर वोट के लिए दौड़ लगाई। खुर्सीपार श्रीराम चौक स्थित मैदान में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम जागेश्वर कौशल, खेल विभाग के एक्का, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले व अमिताभ शर्मा शामिल हुए। इस दौरान सुबह 07 बजे से मैदान में पहुंचे युवाओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने वोट लिखे हुए आकृति में खड़े होकर अनिवार्य रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र को मतबूत करने में अपना सहयोग करने हेतु मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य है हम निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को मतदान करने का.शपथ लिए।

भिलाई निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम का द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज रन फॉर वोट कार्यक्रम में क्षेत्र के युवक युवतियों ने हिस्सा लिया और पूरे उत्साह से लगभग 2 किलोमीटर की दौड़ लगाई इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने नारे भी लगा रहे थे। युवाओं ने हर एक वोट के महत्व को बताते हुए 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से स्वयं मतदान करने तथा अपने घर परिवार के सभी सदस्यों व रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ लिए। दौड़ के समापन उपरांत आयुक्त व्यास ने दौड़ में भागीदारी निभाने वाले चयनित प्रतिभागी को स्वीप की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

मतदाताओं को जागरूक करने बाईल रैली और मशाल यात्रा भी -

04 नवंबर को बाईक रैली, 05 नवंबर को विधानसभा अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों में श्रमदान, 06 नवंबर को सिविक सेंटर में निर्वाचन के थीम पर कल्चरल इवनिंग आयोजित होगा। 07 नवंबर को शाम को मशाल यात्रा निकाली जाएगी। 08 नवंबर को महिलाओं एवं युवतियों के द्वारा मतदान विषय को लेकर रंगोली बनाई जाएगी तथा 09 नवंबर को शाम को दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# एसएसटी की कार्यवाई, चेकिंग के दौरान जब्त किए 3 लाख से ज्यादा नगद, 400 कंबल भी बरामद

**बलरामपुर (आरएनएस)।** जिले के विभिन्न चेकपोस्ट के माध्यम से एसएसटी की टीम ने कार्रवाई करते हुए नगद समेत सामान जब्त किया है. टीम ने 3 लाख 91 हजार रुपये नगद समेत 400 कंबल जब्त किया है. एसएसटी टीम द्वारा जिले के धनवार चेक पोस्ट और रामानुजगंज के कन्हर नदी चेक पोस्ट पर लगातार निगरानी रखी जा रही है.

धनवॉर चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम ने 4 लाख 60 हजार रुपये की जीएसटी भी वसूली की है. भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है. जिसके तहत जिले के विभिन्न चेक पोस्ट में दल के गठन के माध्यम से अवैध रूप से ले जाने वाली सामग्रियों पर नजर रखी जा रही है. इसी कड़ी में धनवार चेक पोस्ट पर जांच के दौरान वाहन क्रमांक सीजी 15 डीटी 2300 से 1 लाख 30 हजार और दूसरे वाहन क्रमांक डीएल-सीजी 4727 से 2 लाख 61 हजार 500 रुपये जब्त किया गया है. वहीं रामानुजगंज के कनहर चेक पोस्ट से एसएसटी टीम के द्वारा 400 नग कंबल जब्त किया गया है. जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 36 हजार बताई जा रही है।

# अवैध रेत उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर अक्टूबर माह में 36 प्रकरण दर्ज

- 29 प्रकरणों में 3,85,324 रुपए अर्थदंड के रूप में की गई वसूल



**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु जिले के नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों पर खनिज अमलो की तैनाती कर नियमित कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौण खनिज रेत की रायल्टी की चोरी की रोकथाम हेतु विभाग के अमला द्वारा कसरेंगा, कटघोरा, उरगा, कुसमुंडा, कुरुडीह, भैंसामुंडा, बरमपुर, ईमलीडुग्गु, भिलाईखुर्द, भैंसमा, अकलतरा आदि स्थानों से अक्टूबर 2023 माह में 36 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसके अंतर्गत गौण खनिज रेत के 29 प्रकरण दर्ज कर कुल 3 लाख 85 हजार 324 रुपए अर्थदंड वसूल किया गया है एवं शेष प्रकरणों में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जब्त कर छत्तीसगढ़ गौण खनिज के विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में विदेशी मेहमानों का आगमन हुआ शुरू, 4 महीने 2 हजार प्रजाति के पक्षियों का रहेगा डेरा



**बेमेतरा (आरएनएस)।** सर्दी का मौसम आते ही छत्तीसगढ़ में विदेशी मेहमानों का आगमन शुरू हो गया है. हजारों किलोमीटर की दूरी तय कर आए ये विदेशी मेहमान पर्यटकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं. बेमेतरा के गिधवा-परसदा पक्षी विहार का नजारा तो देखते ही बनता है. दरअसल, सर्दियों का सीजन आते ही यहां साइबेरियन पक्षियों का आना शुरू हो जाता है. ये पक्षी मार्च महीने के अंत तक यहां डेरा डाले रहते हैं. इस दौरान बड़ी तादाद में पर्यटक भी आते हैं. ऐसे में यहां का नजारा अत्?यंत ही मनमोहक हो जाता है. पूरे छत्तीसगढ़ में प्रवासी पक्षियों की करीब 450 प्रजातियां देखने को मिली हैं. इनके साथ ही स्थानीय परिंदे भी यहां प्रवास करते हैं. जो संख्या करीब 2000 से ज्यादा हो जाती है।

बेमेतरा के सुप्रसिद्ध गिधवा-परसदा में विदेशी पक्षियों के आने का सिलसिला 30 सालों से जारी है. हजारों मील की दूरी तय कर यूरोप और अफ्रीका महाद्वीप से पक्षी आते हैं. यहां देशी एवं विदेशी 150 प्रजाति के पक्षियों का प्रवास होता है. सामान्य रूप से अक्टूबर से फरवरी तक उनका जलाशय के पास निवास रहता है. बतख प्रजाति के ज्यादातर प्रवासी पक्षी करीब 17 हजार किलोमीटर का लंबा सफर तय कर साइबेरिया से आते हैं।

# प्राकृतिक आपदा के प्रकरणों में 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत



**दन्तेवाड़ा (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दन्तेवाड़ा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र एफ 6-4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा में मृत व्यक्ति के परिजन को आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी है। जिसके तहत गीदम तहसील अंतर्गत ग्राम हारम राउत पारा निवासी धनसाय यादव की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिवार लक्ष्मीनाथ यादव, ग्राम माडपाल पटेलपारा निवासी मंगला सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन बुधराम, ग्राम रोंजे ठोठापारा निवासी टेमसिंह ठाकुर की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस ललिता ठाकुर, ग्राम कासोली गाडियापारा निवासी लिंगु अटामी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस ईकामी अटामी, ग्राम पाहुरनार निवासी कुमारी रूमिला कश्यप की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिवार अनी कश्यप, ग्राम भालूनाला बारसूर निवासी महेश कुमार पोयामी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस बत्ती पोयामी, ग्राम गुमलनार टेमरू पारा निवासी कु. अंम्बिका वेट्टी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिवार लछिन्दर वेट्टी, ग्राम कुण्डेनार बारसा पारा निवासी पायके की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस सुखदेव वट्टी, ग्राम गीदम शीतला मंदिर पेरमापारा निवासी कु. मोनिका की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस बालमी, ग्राम मुस्केल गुनियापारा निवासी पोदिये मरकाम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन लखमा, मंगलराज मरकाम, सुनील मरकाम, कटेकल्याण विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम गाटम पेरमापारा निवासी रोदे पोडियाम की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वैध वारिस आयुतु पोडियामी को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गयी है। उक्त सहायता राशि सम्बन्धित हितग्राहियों को भुगतान किये जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिये गये हैं।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया गया बीयू ईव्हीएम का प्रथम पूरक रेण्डमाइजेशन



**जांजगीर-चांपा (आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में कम्प्यूटरीकृत प्रणाली ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से बीयू ईव्हीएम का प्रथम पूरक रेण्डमाइजेशन किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 34 जांजगीर-चांपा में कुल 220 मतदान केन्द्र हैं। प्रथम रेण्डमाईजेशन के दौरान कुल 286 बीयू, 286 सीयू, एवं 308 वीवीपैट मशीनों को पृथक कर विधानसभा के स्ट्रांग रूम आबंटित किया गया था। वर्तमान में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 34 जांजगीर चांपा में नाम निर्देशन पत्रों के अभ्यर्थिता वापस लिए जाने के पश्चात कुल विधिमान्य अभ्यर्थियों की संख्या 15 से अधिक हो जाने के फल स्वरुप ईवीएम मशीनों का आज प्रथम पूरक रेंडमाइजेशन किया गया। जिसमें कुल 286 बीयू अतिरिक्त रूप से विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर चांपा को दिया जाएगा। प्रथम पूरक रेण्डमाईजेशन उपरांत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 34 जांजगीर-चांपा में कुल बीयू 572, सीयू 286 तथा वीवीपैट 308 नग है। रेण्डमाईजेशन के बाद राजनैतिक दल के द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण भी किया। राजैनतिक दलों को बताया गया कि रेंडमाइजेशन पश्चात ईव्हीएम मशीनों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पेण्ड्री भांठा जांजगीर में स्थित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित किया जावेगा।

इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, रिटर्निंग अधिकारी नीरनिधि नंदेहा, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU